समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 28 August 2026

# योगेश कंस्ट्रक्शन : 5 हजार रुपये से शुरू हुआ सफर, आज गुणवत्ता और भरोसे के दम पर करोड़ों की पहचान

Sanket Morankar

Published on 23 May 2026



नाशिक के युवा उद्यमी योगेश सोनवणे ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और गुणवत्ता के प्रति समर्पण के बल पर "योगेश कंस्ट्रक्शन" को निर्माण क्षेत्र में एक भरोसेमंद नाम बना दिया है। करीब 6 वर्षों से निर्माण सेवाएं प्रदान कर रही यह कंपनी आज "लॉक एंड की फिनिशिंग" फॉर्मेट में कार्य करते हुए नाशिक के कई प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन चुकी है।

योगेश सोनवणे बताते हैं कि उन्होंने बेहद छोटे स्तर से अपने व्यवसाय की शुरुआत की थी। मात्र 5 हजार रुपये की पूंजी से शुरू हुई यह कंपनी आज कुछ ही वर्षों में करोड़ों के कारोबार तक पहुंच चुकी है। हालांकि वे मानते हैं कि उनकी सफलता केवल काम की संख्या में नहीं, बल्कि काम की गुणवत्ता में छिपी है।

शुरुआती दौर में योगेश कंस्ट्रक्शन ने निजी क्लाइंट्स के बंगलों का निर्माण कार्य "विथ मटेरियल" आधार पर शुरू किया। धीरे-धीरे उनके काम की गुणवत्ता, समयबद्धता और पारदर्शी कार्यशैली के कारण लोगों का विश्वास बढ़ता गया। यही कारण रहा कि कंपनी को लगातार नए प्रोजेक्ट्स मिलने लगे और आज यह कई नामी बिल्डर्स और डेवलपर्स के साथ बड़े बिल्डिंग प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है।

योगेश सोनवणे का मानना है कि किसी भी कंपनी के साथ एक बार काम करना सामान्य बात है, लेकिन बार-बार वही क्लाइंट आपकी कंपनी को काम सौंपे, यही असली सफलता की पहचान होती है। उनके अनुसार उनकी कंपनी की सफलता के पीछे पांच प्रमुख सिद्धांत हैं:

1. पारदर्शी कार्यप्रणाली
2. सकारात्मक और ईमानदार सोच
3. क्लाइंट को वही गुणवत्ता देना जो वादा किया गया हो

4. मुनाफा कम हो जाए तो भी गुणवत्ता से समझौता न करना
5. समय पर काम पूरा करने का प्रयास

हालांकि योगेश यह भी स्वीकार करते हैं कि कई बार प्रोजेक्ट्स में देरी का मुख्य कारण क्लाइंट की ओर से समय पर भुगतान न मिलना होता है, लेकिन इसके बावजूद वे ग्राहकों का विश्वास बनाए रखने का पूरा प्रयास करते हैं।

योगेश कंस्ट्रक्शन की खासियत यह है कि कंपनी निर्माण कार्य को एक ही एजेंसी के माध्यम से पूरा करने की सुविधा देती है। इससे बिल्डर्स और डेवलपर्स को अलग-अलग एजेंसियों को संभालने की परेशानी से राहत मिलती है। योगेश के अनुसार, उनकी कंपनी के साथ काम करने से डेवलपर्स को कई फायदे होते हैं, जैसे:

- एक ही एजेंसी के माध्यम से संपूर्ण प्रोजेक्ट मैनेजमेंट
- शुरुआती चरण से ही प्रोजेक्ट कॉस्ट का स्पष्ट अनुमान
- डेवलपर्स को मार्केटिंग पर अधिक ध्यान देने का अवसर
- वॉचमैन, सुपरवाइजर और साइट मैनेजमेंट जैसी परेशानियों से राहत
- गुणवत्ता नियंत्रण की जिम्मेदारी कंपनी द्वारा संभालना

योगेश सोनवणे का उद्देश्य केवल इमारतें बनाना नहीं, बल्कि ग्राहकों का विश्वास जीतना है। उनका मानना है कि निर्माण क्षेत्र में लंबे समय तक टिके रहने के लिए ईमानदारी, गुणवत्ता और ग्राहक संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण होती है।

आज योगेश कंस्ट्रक्शन नाशिक में तेजी से उभरती हुई निर्माण कंपनियों में गिनी जा रही है। अपने मजबूत विजन, मेहनत और प्रोफेशनल अप्रोच के साथ योगेश सोनवणे आने वाले समय में कंपनी को और बड़े स्तर पर ले जाने के लिए लगातार प्रयासरत हैं।

उनकी यह प्रेरणादायक यात्रा इस बात का उदाहरण है कि यदि मेहनत, गुणवत्ता और विश्वास को आधार बनाया जाए, तो छोटी शुरुआत भी बड़ी सफलता में बदल सकती है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.